कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने दी दीपावली की शुभकामनाएं

झाबुआ। कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने प्रकाश, उमंग एवं उल्लास के पावन पर्व दीपावली पर जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि दीपावली का पर्व प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, शांति एवं खुशहाली लेकर आए तथा जिले के विकास को नई दिशा प्रदान करे।



कलेक्टर ने कहा कि दीपावली केवल दीपों और रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश, निराशा पर आशा और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है।

यह पर्व हमें प्रेम, सद्भाव, भाईचारे, सहयोग एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे जरूरतमंद, वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के साथ दीपावली की खुशियां साझा करें। स्थानीय कारीगरों, छोटे व्यापारियों, स्व-सहायता समूहों एवं पारंपरिक उत्पादों को प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय वस्तुओं की खरीदारी करें, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। कलेक्टर ने सुरक्षित एवं स्वच्छ दीपावली मनाने की अपील करते हुए आतिशबाजी के दौरान बच्चों, बुजुर्गों एवं आमजन की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा।

सड़क हादसे में युवक की मौत

झाबुआ। जिले के कल्याणपुरा थाना अंतर्गत पुलिस चौकी अंतरवेलिया के पास शुक्रवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। चार पहिया वाहन जीजे 01 आरजे 1465 ने आगे चल रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक जॉनसन पिता विल्सन मंडोडीया, उम्र 21 वर्ष, की मौके पर ही मौत हो गई।

जिला कोषालय में आईएफएमआईएस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

झाबुआ। शासकीय वित्तीय कार्यों में पारदर्शिता, सरलता एवं दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कोषालय झाबुआ द्वारा 'आईएफएमआईएस केयर्स' थीम पर जिला कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएफएमआईएस) पोर्टल की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न मॉड्यूल के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सुश्री वैशाली सिसौदिया एवं भोपाल से सिस्टम मैनेजर श्री लालसिंह नरगेश ने अधिकारियों को ट्रेज़रीडेट-पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूल, उनके उपयोग तथा वित्तीय कार्यों के सुचारू संचालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। अधिकारियों को आई एफ एम आई एस केयर्स थीम के अंतर्गत पोर्टल की कार्यप्रणाली के साथ मध्यप्रदेश वित्तीय शक्ति पुस्तिका, कोषालय संहिता एवं वित्तीय नियमों में निहित प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही शासकीय वित्तीय कार्यों के निष्पादन में निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।













